# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशामुक्त युवा–विकसित भारत अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

दिनांक 09 अगस्त 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में "नशामुक्त युवा–विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ, सशक्त, रचनात्मक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना तथा नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के विभिन्न संकायों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा, सामाजिक संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति कौशल एवं जनजागरूकता की भावना का प्रभावी प्रदर्शन किया।

